भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
**मौखिक प्रश्न सं. +*286**
सोमवार, 9 अगस्त, 2021/18 श्रावण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**वैक्सीन पर्यटन**

**+*286. श्रीमती अपराजिता सारंगी:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की योजना देश में कोई वैक्सीन पर्यटन कार्यक्रम आरंभ करने की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या राज्यों को विशेषकर प्रसिद्ध राष्ट्रीय स्मारकों, शहरों और स्थलों के लिए केवल ऐसे पर्यटकों को अनुमति दिए जाने के निदेश दिए गए हैं जिनका टीकाकरण हो चुका है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या विदेश में वैक्सीन पर्यटन का विकल्प चुनने वाले भारतीय नागरिकों के लिए कोई दिशानिर्देश जारी किए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) विदेश में वैक्सीन पर्यटन का विकल्प चुनने वाले भारतीयों की संख्या कितनी है तथा उन्होंने कौन-सा टीका लिया है; और

(ड.) क्या विदेश से प्राप्त होने वाले इन वैक्सीन प्रमाणपत्रों को भारत में मान्यता प्रदान की जाएगी?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ड.): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

वैक्सीन पर्यटन के संबंध में दिनांक 09.08.2021 के लोक सभा मौखिक प्रश्न सं. +*286 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में **विवरण**

(क): वर्तमान में देश में वैक्सीन पर्यटन संबंधी कोई कार्यक्रम शुरू करने के बारे में पर्यटन मंत्रालय की कोई योजना नहीं है।

(ख): पर्यटन मंत्रालय ने राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से यह अनुरोध किया है कि अंतर्राज्यीय यात्रा करते समय दोहरे वैक्सीनेशन का वैध अंतिम प्रमाण पत्र दिखाए जाने पर दोनों वैक्सीन ले चुके यात्रियों को आरटीपीसीआर की रिपोर्ट प्रस्तुत करने की अनिवार्यता से छूट दी जाए।

(ग): भारत सरकार ने भारतीय नागरिकों हेतु वैक्सीन पर्यटन के लिए विदेश जाने के विकल्प के संबंध में कोई दिशा निर्देश जारी नहीं किए हैं।

(घ): विदेश मंत्रालय ने यह सूचित किया है कि चूकि विदेश यात्रा का उद्देश्य बताया जाना अनिवार्य नहीं है अतः ऐसे भारतीय नागरिकों की संख्या के बारे में कोई सूचना उपलब्ध नहीं है जिन्होंने टीकाकरण के लिए विदेश यात्रा की है।

(ड.): विदेश मंत्रालय ने सूचित किया है कि कुछ देशों ने वैक्सीन ले चुके यात्रियों के लिए स्वास्थ्य संबंधी अपेक्षाओं में ढील देने का निर्णय लिया है अतः भारत भी टीकाकरण प्रमाणपत्रों को परस्पर मान्यता दिए जाने संबंधी कार्य में जुटा है।

*****